HHR17-1-3-HI

यीशु के अन्तिम वचन - प्रकाशितवाक्य की किताब - प्रोगाम 3

उद्घोषक: आज लगभग आधे ईसाई विश्वास करते हैं कि उनके जीवनकाल में, यीशु मसीह पृथ्वी पर लौट आएंगे। प्रकाशितवाक्य में, ईसाई चर्च के लिए, भविष्य के बारे में, यीशु मसीह के अंतिम वचन हैं। वह उन भयानक घटनाओं की चेतावनी देता है, जो क्लेश के दौरान पृथ्वी पर होने वाला है, शैतान, मसीह के विरोधी और उन झूठे धर्म के सभी लोगों का क्या होगा। वह बताता है कि हर-मगिदोन के युद्ध में क्या होगा, पृथ्वी पर उसका वापस आना, उसके हज़ार साल का शासन, अंतिम न्याय, और वह यह वर्णन करता है कि परमेश्वर ने अपने लोगों के अनंत-भविष्य के लिए क्या योजना बनाई है। इस श्रृंखला में, हम आपको प्रकाशितवाक्य के पुस्तक के हर अध्याय के माध्यम से ले जाएंगे, ताकि आपको उसके संदेश और परमेश्वर ने भविष्य की घटनाओं के बारे में जो कहा है, उसे समझने में मदद मिल सके।

मेरे मेहमान हैं: *डॉ. एड हिंड्सन, लिबर्टी* विश्वविद्यालय के *स्कूल ऑफ़ रीलीजन* के अध्यक्ष, और धर्म के प्रतिष्ठित प्रोफेसर, और 40 से भी अधिक पुस्तकों के लेखक।

डॉ. *मार्क हिचकॉक डलास थियोलॉजिकल सेमिनरी* में, बाइबिल प्रदर्शनी के सहयोगी प्रोफेसर हैं। वे बाइबिल की भविष्यद्वाणी पर लिखे गए 30 पुस्तक के लेखक हैं, और *फेयत बाइबल चर्च* के वरिष्ठ उपदेशक हैं।

डॉ. रॉन रोड्स भी डलास थियोलॉजिकल सेमिनरी में पढ़ाते हैं, *और रेज़निंग फ्रम द स्क्रिप्चर्स मिनिस्ट्रीज़* के अध्यक्ष हैं। वह भविष्यद्वाणी पर लिखे गए 70 पुस्तकों के लेखक हैं। *जॉन एंकरबर्ग शो* के इस विशेष संस्करण में हमसे जुड़ें रहें।

*****

एंकरबर्ग: हमारे कार्यक्रम में आपका स्वागत है। मैं *जॉन एंकरबर्ग* हूं, और जैसे आपने अभी सुना, यहाँ तीन बड़े अतिथि हैं: *डा. एड हिंड्सन, डा. मार्क हिचकॉक और डॉ. रॉन रोड्स*। और फिर, एड, मैं चाहता हूं कि, हम

प्रकाशितवाक्य के पुस्तक के जिस भाग का अध्ययन कर रहे हैं, आप उसका एक सारांक्ष दें। यह एक रोमांचक जानकारी है, जो परमेश्वर ने खुद हमें दिया है। ये कलीसिया के लिए यीशु के अंतिम वचन थे। और हम यहां आगे बढ़ रहे हैं। आप हमें बताएं कि हम कहां हैं।

हिंदसन: अध्याय 1 में जी उठा मसीह, पतमुस टापू पर यूहन्ना को प्रकट होता है, और उसे प्रकाशितवाक्य की पुस्तक लिखने के लिए कहता है। अध्याय 2 और 3 में, समुद्र तट पर, एशिया माइनर के सात कलीसियाओं के लिए यीशु के पत्र हैं। और फिर अध्याय 4 में दृश्य नाटकीय रूप से बदल गया। इसके बाद यूहन्ना ने कहा, " तो क्या देखता हूं कि स्वर्ग में एक द्वार खुला हुआ है; यीशु की एक आवाज मेरे से कह रहा था, 'यहां ऊपर आ जा: और मैं वे बातें तुझे दिखाऊंगा, जिन का इन बातों के बाद पूरा होना अवश्य है।' उस चौथे अध्याय में यूहन्ना स्वर्ग के सिंहासन कक्ष में है, और वह अवर्णनीय का वर्णन करने का प्रयास करता है। पिता परमेश्वर सिंहासन पर बैठे हुए हैं, एक महान गौरवशाली प्रकाश, चारों ओर मरकत सा एक मेघधनुष, बिल्लौर के समान कांच का सा समुद्र दिखाई देता है। आप परमेश्वर तक न पहुँच पाने को अनुभव करते हो। आप परमेश्वर तक कैसे पहुँचोगे? आप सिंहासन तक कैसे पहुँचोगे? आप उसका चेहरा कैसे देखोगे? और बाइबिल हमें बताता है कि, हम यीशु मसीह के लहू के माध्यम से सिंहासन के सामने साहसी से आ सकते हैं। चौथे अध्याय में, सभी गिर पड़ते हैं और पिता परमेश्वर को ब्रह्मांड के सृष्टिकर्ता के रूप में प्रणाम करते हैं।

और फिर अध्याय 5 में बड़ी समस्या होती है। परमेश्वर-पिता के हाथ में सात मोहरबंद पत्रा हैं। कोई भी मुहरों को तोड़ने के लिए, संदेश को पढ़ने, फैसले सुनाने, और पृथ्वी पर स्वर्ग का राज्य लाने योग्य नहीं पाया जाता है। और फिर जब मेम्ना प्रकट होता है, तो समस्या का हल हो जाता है। और सभी गिरकर, यीशु, परमेश्वर के मेम्ने की प्रणाम करते हैं। इन अध्यायों से हमें, मसीह की देवता रूप का पता चलता है। प्रकाशितवाक्य का पूरा ध्यान, उस पर हमारा ध्यान केन्द्रित करना है: यह यीशु मसीह का प्रकाशन है।

एंकरबर्ग: हाँ। और वहाँ स्वर्ग में एक बड़ी समस्या आती है, जो कि प्रकाशितवाक्य की पुस्तक हमें बताती है। लेकिन इससे पहले कि हम बड़ी समस्या के बारे में बात करें, कि वह क्या है, और उसका क्या हल है, वहाँ एक अन्य चीज है जिसका हमने उल्लेख नहीं किया है: कि 24 प्राचीन हैं जो कि प्रकाशितवाक्य के पहले 3-4 अध्यायों और अलग-अलग जगहों पर दिखाई देते हैं। और इस बारे में बहुत बहस हुई है कि ये 24 प्राचीन जो अपने सफेद वस्त्रों में सिंहासन के सामने बैठे हैं, वे कौन हैं। *रॉन*, उन्न अलग-अलग विचारों की व्याख्या करो, और हमें बताओ कि हम कहाँ हैं?

रोड्स: खैर, एक दृष्टिकोण यह है कि वे स्वर्गदूत हैं। और यह कुछ लोगों के बीच एक लोकप्रिय विचार रहा है। लेकिन वास्तव में, जिस तरह से इसका वर्णन किया गया है, उसके अनूसार उसकी कोई संभावना नहीं है। उदाहरण के लिए, उन्हें प्राचीन कहा जाता है। हम पाते हैं कि इंसानों को प्राचीन कहा जाता है, पर बाइबल में कहीं भी स्वर्गदूतों को प्राचीन नहीं कहा गया है। और, साथ ही, प्रकाशितवाक्य की पूरी पुस्तक में हम देखते हैं कि स्वर्गदूतों और प्राचीनों को, वास्तव में अलग-अलग कहा गया है। और तो इसका मतलब यह है कि प्राचीन, स्वर्गदूत नहीं हैं। और फिर, तीसरा, प्रकाशितवाक्य 5: 9 में छुटकारे का एक गीत है, आप जानते हैं कि, मनुष्य के लिए छुटकारे का गीत गाना बहुत ही स्वाभाविक होगा, लेकिन स्वर्गदूतों के लिए यह अप्राकृतिक होगा, क्योंकि वे इसका एक हिस्सा नहीं है। और तो मुझे नहीं लगता कि वे स्वर्गदूत थे।

अन्य लोगों का यह मानना है कि यह चर्च और इस्राएल है। इस दृष्टिकोण की यह समस्या है कि, दानिय्येल 12 के अनुसार, मसीह के दूसरे वापसी तक, इस्राएल का पुनरुत्थान न होगा और उसको प्रतिफल न मिलेगा।

और यह हमें हमारे दृष्टिकोण पर ले आता है, जो कि यह कि वह चर्च(कलीसिया) है। 24 प्राचीन, चर्च के प्रतिनिधि हैं। और मैं जो कह रहा हूं उसके निम्नलिखित कारण हैं। जब आप प्रकाशितवाक्य 2 और 3 में, सात कलीसियाओं के विभिन्न प्रतिफलों को देखते हैं, तो हम पाते हैं कि वह मुकुट पहनना, सिंहासन पर बैठना,

और एक सफेद वस्त्र पहनना है। खैर, वे शब्द, 24 प्राचीनों का वर्णन कर रहे हैं। और तो मुझे लगता है कि, यह स्पष्ट रूप से, चर्च का प्रतिनिधित्व कर रहा है।

अब इन सब के बारे में रोमांचक बात यह है कि। यह पूरी तरह से क्लेश अवधि के पहले के दृष्टिकोण के साथ मेल खाता है, जो कि कहता है कि पुनरुत्थान, क्लेश अवधि से पहले होता है। यह दृष्टिकोण क्लेश अवधि के बाद मायने नहीं रखता है, लेकिन पूर्व-क्लेश अवधि यह सही लगता है। और वहाँ 24 क्यों हैं, खैर, 24, मसीह के पूरे शरीर का प्रतिनिधित्व करता है, पूरे चर्च का। और हम यह 1 इतिहास 24 में पाते हैं, जहां हमें बताया जाता है कि 24 याजक हैं। और जाहिर है, प्रकाशितवाक्य के पुस्तक में हमें याजकों का एक राज्य कहा जाता है। तो यह सब मेल खाता है।

एंकरबर्ग: हाँ। और अब, *मार्क*, हम यहाँ कुछ बड़ी चीजों पर आते हैं, ठीक है? (हमारे पास...,) बाइबल कहता है, "मैंने देखा," अध्याय 5, "मैंने सिंहासन पर बैठा था, मैं ने उसके दाहिने हाथ में," अर्थात् परमेश्वर स्वयं, "एक पुस्तक देखी, जो भीतर और बाहर लिखी हुई भी, और वह सात मुहर लगा कर बन्द की गई थी। फिर मैं ने एक बलवन्त स्वर्गदूत को देखा जो ऊंचे शब्द से यह प्रचार करता था कि इस पुस्तक के खोलने और उस की मुहरें तोड़ने के योग्य कौन है?' "और फिर, यहां एक बड़ी समस्या है। "और न स्वर्ग में, न पृथ्वी पर, न पृथ्वी के नीचे कोई उस पुस्तक को खोलने या उस पर दृष्टि डालने के योग्य निकला।" और यूहन्ना, यह जानकर, बस स्वर्ग में पागल की तरह रोने लगा कि, ऐसा कोई भी नहीं है, जो उस पुस्तक को खोलने में सक्षम है। सबसे पहले, यह पुस्तक और सात मुहरें क्या है? आपने इस पर बहुत काम किया है; वह क्या है?

हिचकॉक: खैर, यह पुस्तक दोनों पक्षों पर लिखी गई थी, जो कि उसे बहुत महत्वपूर्ण बनाता है। दस्तावेज़ सामान्य रूप से, उस समय दोनों पक्षों पर नहीं लिखे जाते थे। तो वह जो भी हो, वह महत्वपूर्ण थे। इसमें बहुत सारी जानकारी थी। इस पुस्तक की पहचान पर बहुत सारे अलग-अलग दृष्टिकोण हैं। कुछ लोगों को लगता है कि यह नई वाचा की पुस्तक है। कुछ लोग सोचते हैं कि यह छुटकारे की पुस्तक है, मेम्ने की जीवन की पुस्तक है;

धरती के कर्मों का खिताब, यह न्याया की एक लंबी सूची है, तो इसे क्लेश के दिन का पुस्तक कहा गया; मनुष्य के पापों का एक रिकॉर्ड। इस पर कई विचार दिए गए हैं।

लेकिन जब हम उन दस्तावेजों को देखते हैं, जो कि उस समय सात मुहरों से मुहर लगाए गए थे, तो उस समय, केवल एक वसीयत या एक वसीयतनामा ही, सात मुहरों से सील किया जाता था। और तो यह क्या है कि, यह विरासत है; यह एक वसीयत है। भजन संहिता में वह कहता है, "मुझसे पूछो, और मैं तुम्हारी विरासत के लिए राष्ट्रों को दूँगा।"

और यूहन्ना के रोने का कारण यह है कि, जब पिता के दाहिने हाथ में पुस्तक था, और कोई भी उसे खोलने के योग्य नहीं पाया जाता है, तो वह जान लेता है कि, अगर यह पुस्तक नहीं खोला गया, तो इस दुनिया और मानव जाति के लिए परमेश्वर का उद्देश्य कभी भी पूरा नहीं होगा। क्योंकि परमेश्वर का उद्देश्य, मसीहा का वापस आना और इस धरती पर शासन करना है। इसलिए जब यीशु पुस्तक को लेता है और वह ऐसा करने का योग्य पाया जाता है, तो पूरा स्वर्ग सचमुच उत्सव मनाने लगता है। और यह बहुत ही सुंदर लगता है, क्योंकि वह कहता है कि जो इस पुस्तक को खोलने के योग्य है, वह योग्य इसलिए है, वह कहता है, "क्योंकि तू ने वध होकर अपने लोहू से.....परमेश्वर के लिए लोगों को मोल लिया है।" और तो यीशु ने, उसकी मृत्यु से, आकर, पापों के लिए कीमत चुकायी है, ताकि वह अब विरासत लेने के लिए योग्य हो। और फिर, वास्तव में प्रकाशितवाक्य की बाकी पूरे पुस्तक में इस पुस्तक के खोलने के बारे में है।

अध्याय 6 में हम देखते हैं कि पुस्तक का खोलना शुरू होता है। फिर अध्याय 8 के सातवें मुहर में, सात तुरहीएं होते हैं। और फिर अध्याय 16 में, सातवें तुरही के न्याय में, ये सात कटोरे होते हैं। और तो जब इस पुस्तक को अंत में खोला जाता है, तो हम अध्याय 1 9 में, यीशु के पृथ्वी पर शानदार वापसी, और उनके राज्य की स्थापना; इन वादों की पूर्ति पाते है। तो वह विरासत प्राप्त करने वाला है।

एंकरबर्ग: *एड*, मुझे लगता है कि हमें इस बारे में बात करनी है। यहाँ यीशु का विवरण प्रतीकात्मक रूप से दिखता है। वही मेम्ना है जो वध किया गया था। और वह पिता से पुस्तक लेता है, और सभी स्वर्ग गाना

शुरू करता है, "वह योग्य है।" और, "वध किया हुआ मेम्ना ही सामर्थ, और धन, और ज्ञान, और शक्ति, और आदर, और महिमा, और धन्यवाद के योग्य है।" अब, क्यों .... हमें यहां रोकना चाहिए; और अगर आप बाइबिल अध्ययन में हैं और आप इस बारे में बात कर रहे हैं, तो इसका क्या अर्थ है कि यीशु वह पुस्तक लेने के योग्य है?

हिंदसन: क्योंकि यीशु लोहू-मेम्ने के रूप में प्रकट होता है, मेम्ना जो कि वध किया गया था, यूहन्ना उसे आसुँओं से भरे आँखों से देखता है, और मसीह को सिंहासन में बैठे देखता है, पिता के साथ समानता में। तो यह अध्याय हमारे मसीह के देवता रूप को दिखाता है। अध्याय 4 में दैत्य प्राणियाँ, जैसे सारफिम चिल्ला रहे हैं, "पवित्रा, पवित्र, पवित्र", त्रयेक परमेश्वर पवित्र है। और यूनानी न्यू टेस्टामेंट में, जिसमे यह मूल रूप से लिखा गया था, उसमे पवित्र शब्द, "हाजिओस, हाजिओस, हाजिओस," और उसके बाद योग्य शब्द, "अकीयस" है। ये दो शब्द लगभग मेल खाते हैं। वे यूनानी में, एक जैसे दिखते भी हैं। वह जो योग्य है, हमारे आराधना के योग्य हैं, वह हैं जो कि पवित्र हैं। केवल वह व्यक्ति जो कि धर्मी ईश्वरीय है, वही आकर पुस्तक लेने, मुहरों को खोलने और न्याय का उच्चारण करने के लिए योग्य है। यीशु आराधना के योग्य है। और अध्याय 5 के अंत में, सभी स्वर्ग गिर पड़ते हैं और उसे परमेश्वर, उद्धारकर्ता के रूप में प्रणाम करते हैं।

आप प्रकाशितवाक्य 4 और 5 को पढ़कर, मसीह के देवता रूप को अनदेखा नहीं कर सकते हैं। यह सचमुच उन पन्नों में स्पषट दिखाई देता है। यह चर्च के इतिहास में, बाद में आविष्कार किया गया विचार नहीं है। नहीं, यह शुरुआत से ही पूरे नये नियम के संदेश का हिस्सा था। वह मानव शरीर में परमेश्वर का अवतार था, एक पाप रहित उद्धारकर्ता जो हमारे पापों के लिए मरा था, जो मरे हुओं में से जी उठा था, और जो अंततः राजाओं के राजा और प्रभुओं के प्रभु के रूप में आने, और शासन करने के लिए योग्य है।

एनकरबर्ग: अब, हम उन अद्भुत घटनाओं के बारे में बात कर रहे हैं जो कि परमेश्वर ने हमें प्रकाशितवाक्य की पुस्तक में बताया है। और आपने इससे पहले कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण कहा था जिसे कि हमें इस कार्यक्रम में

शामिल करना चाहिए। और वह यह है कि प्रकाशितवाक्य, स्वर्ग में जो हो रहा है और फिर धरती पर जो होता है, इन दोंनों के बीच चलता रहता है; स्वर्ग में क्या होता है, पृथ्वी पर क्या होता है। उस बारे में बात करेंगें(करें)

हिचकॉक: खैर, हाँ प्रकाशितवाक्य की पुस्तक में, स्वर्ग के दृश्यों, पृथ्वी पर दृश्यों., कोे एक के बाद एक, दर्शाया गया है। और आप इसे वास्तव में अध्याय 4 और 5 में सचित्र तरीके से देख सकते हैं और तब जब आप अध्याय 6 में जाते हैं। क्योंकि अध्याय 4 और 5 में हम स्वर्ग में परमेश्वर के सिंहासन के चारों ओर इस सुंदर दृश्य को देखते हैं। परमेश्वर अपने सिंहासन पर है। और फिर यह इस सुंदर आराधना के साथ समाप्त होता है। और फिर जब हम अध्याय 6 में आते हैं, तो हम अब पृथ्वी पर होते हैं। हम आराधना से युद्ध में पहुँच जाते हैं। लेकिन इस पुस्तक में लगातार, स्वर्ग और पृथ्वी के बीच के इन दृश्योें कोे दिखाना, हमें हमेशा स्वर्ग वापस ले जाताा है यह दिखाने के लिए कि परमेश्वर सिंहासन पर हैं। तो यह हमें यह दिखा रहा है कि, धरती पर यहाँ जो कुछ हो रहा है, वह हमेशा स्वर्ग में परमेश्वर के सिंहासन के द्वारा नियंत्रित किया जा रहा है। यह इन अनिश्चित दिनोें में हमारे लिए बहुत ही आराम लाता है। आज भी जब हम धरती पर हो रहे चीजोें को देखते हैं, तो हम समझ नहीं पाते हैं, पर हम जानते हैं कि उन घटनाओं को परमेश्वर द्वारा नियंत्रित किया जा रहा है, जो कि स्वर्ग में अपनी सिंहासन पर बैठा है।

एंकरबर्ग: ठीक है। तो, *रॉन*, चलो हम इस पहली मुहर को खोलें। यह क्या है? बाइबल कहताा है, " और मैं ने दृष्टि की, और देखो, एक श्वेत घोड़ा है, और उसका सवार धनुष लिए हुए है: और उसे एक मुकुट दिया गया, और वह जय करता हुआ निकला कि और भी जय प्राप्त करे॥"]प्रकाशित 6: 2]। यह और क्या है?

रोड्स: ठीक है, आप जानते हैं, बहुत से लोग मानते हैं कि क्योंकि वह एक सफेद घोड़े पर सवारी कर रहा है, इसका मतलब यह है कि वह यीशु है। क्योंकि प्रकाशितवाक्य 19 में हम देखते हैं कि, यीशु एक सफेद घोड़े में सवारी करताा है। लेकिन यह संदर्भ के साथ बिल्कुल भी काम नहीं करता है। वास्तव में, पहले चार मुहरों के फैसले में, न्याय काs दिन के चार घोड़े शामिल हैं। और न्याय काs दिन के चार सवारों में से प्रत्येक न्याय में शामिल हैं; वे न्याय जो कि पृथ्वी पर होने वाले हैं। जैसा कि पहलाा मुहर खोला जाता है, घोड़े पर पहली सवार अपनी बात करता है। जैसा कि दूसरी मुहर खोला जाता है, न्याय के दिन का दूसरा घुड़सवार आता है। ये

सभी न्याय से निपटते हैं। तो यह व्यक्ति यीशु नहीं बल्कि यह मसीह का विरोधी(एंटीक्रईस्ट) था। और "वह जय करता हुआ निकला कि और भी जय प्राप्त करे।" उसके पास एक तीर के बिना धनुष है। इसका मतलब यह है कि उसने अभी तक कोई युद्ध नहीं शुरू किया है, लेकिन अगर वह ऐसा करना चुनता है तो उसके पास ऐसा करने की सैन्य शक्ति है। और यह इस तथ्य से संबंधित हो सकता है कि, वह इस्राएल और मध्य पूर्व के बीच एक समझौता करने में सक्षम हो सकता है। उसके पास वह सैन्य शक्ति है।

एंकरबर्ग: हाँ। और तो यहां हम, दानिय्येल वापस जा रहे हैं, तो यहाँ आप पाते हैं कि मसीह का विरोधी(एंटीक्रईस्ट) वास्तव में इस्राएल के साथ एक वाचा पर हस्ताक्षर करता है, एक शांति संधि जो कि सात वर्षों तक चलेगा।

रोड्स: सही है।

एंकरबर्ग: लेकिन इससे पहले कि हम उस पर और जाएँ, हम दूसरी मुहर पर जाते हैं, जहां वह जाता है और वह इस पर हस्ताक्षर करता है, और यह शांति की तरह लगता है, अगला हमें यह पता चलता है कि धरती से शांति निकाल ली गई है, और अब यहाँ युद्ध है। तो क्या हुआ?

रोड्स: खैर, यह सच कि शांति पृथ्वी से निकाल ली गई थी, इसका यह मतलब है कि शांति पहले मौजूद थी। तो वहाँ पहले मसीह के विरोधी (एंटीक्रईस्ट) के नीचे शांति थी। लेकिन अब, दूसरी मुहर में दूसरे घुड़सवार के साथ, पृथ्वी से शांति निकाल दी गई थी। और वचन कहता है, "फिर एक और घोड़ा निकला, जो लाल रंग]खून का संकेत] का था; उसके सवार को यह अधिकार दिया गया, कि पृथ्वी पर से मेल उठा ले, ताकि लोग एक दूसरे को वध करें; और उसे एक बड़ी तलवार दी गई"(प्रकाशित 6: 3-4)। और जाहिर है, इसका यह निहितार्थ है कि वह तलवार पूरी दुनिया में अपना काम कर रहा है, दुनिया भर के लोगों में।

हिडंसन: मुझे लगता है, *जॉन,* हमें यहां न्याय के दिन के जो भी चार सवार मिलते हैं, वे आगे आने वाले अध्यायों के बारे में एक संक्षिप्त अवलोकन है। प्रकाशितवाक्य में इस तरह की "आगे की एक झलक, फिर विवरण

है;" पहले चौड़े कोण के लेंस, फिर स्नैपशॉट। मसीह का विरोधी आ रहा है, सफेद घोड़ा; युद्ध आ रहा है, लाल घोड़ा; काले घोड़े पर अकाल आ रहा है; और पीला सवार के साथ मौत आ रहा है।

एंकरबर्ग: हाँ। उन आखरी दो को लो। काला घोड़ा, "और मैं ने दृष्टि की, और देखो, एक काला घोड़ा है; और मैं ने उन चारों प्राणियों के बीच में से एक शब्द यह कहते सुना, कि दीनार का सेर भर गेहूं, और दीनार का तीन सेर जव, और तेल, और दाख-रस की हानि न करना॥"(6: 5-6), जिसका अर्थ है कि भोजन की लागतें बढ़ गई हैं, ठीक है? और फिर भी ऐसे कुछ लोग होंगे, जो कि बहुत समृद्ध हैं कि वे दाख को पकड़ रखेंगें, क्योंकि वे अब भी इसके लिए भुगतान कर सकते हैं। तो आप अमीर हैं, लेकिन अधिकांश दुनिया गरीब है और अकाल में है और मर रहा है। अब, इससे आगे ले जाओ..

हिंडनसन: खैर, युद्ध का अंतिम परिणाम, हमेशा लोगों को तबाही में लाने वाला है।

एंकरबर्ग: यह सही है।

हिंडनसन: और यह अकाल की ओर ले जाता है; जो कि मृत्यु की ओर ले जाता है। और फिर "उसके पीछे मृत्यु और नरक का दुखद चित्र होता है।" तो बोलने के लिए, यह लगभग ऐसा है जैसे कि वह मृत्यु को साथ लाता है, और लाश उठाता है और घोड़े पर डालता है। वह बाद में गंदगी को साफ करता है। लोग मर रहे हैं। और यह प्रकाशितवाक्य की पुस्तक के कठोर चीजों में से एक है। लोग कहते हैं, "खैर, मुझे इन बातों को पढ़ने से डर लगता है।" खैर, यह हमें डराने के लिए लिखा नहीं गया है, यह हमें किसी भी समय यीशु से मिलने के लिए तैयार होने के लिए लिखा गया है। सुनिश्चित करो कि आप जानते हैं कि, आप जाने के लिए तैयार हो, क्योंकि आप पीछे रह जाना नहीं चाहते हैं। यह केवल अविश्वासियों के लिए बुरी खबर है। विश्वासियों के लिए यह एक अच्छी खबर है; यह अविश्वासी के लिए बुरी खबर है।

एंकरबर्गः *मार्क,* चौथा जो हम कह रहे हैं उसके पीछे-पीछे आता है। युद्ध होता है, तो उसका परिणाम होता है। बाइबल कहत ा है, "और मैं ने दृष्टि की, और देखो, एक पीला सा घोड़ा है; और उसके सवार का नाम मृत्यु है: और अधोलोक उसके पीछे पीछे है"(वचन 8)। खैर, इसका क्या अर्थ है?

हिचकॉक: खैर, यह हमें बताता है कि बस बड़े पैमाने पर मौत होने वाले है ं। वास्तव में, यह कहता है कि, इस एक ही न्याय में, पृथ्वी के एक चौथाई मरने वाल े है ं। अब, हम ऐसे चीजों को बस पढ़ सकते हैं., बस तेज़ी से.. और बस, आप जानते हैं, उस संख्या को बस पढ़ते हैं। लेकिन यह धरती के एक चौथाई लोगों का हिस्सा है। चलो मानते हैं, मुक्तोत्थन(छुटकारे) के बाद, लगभग छह अरब लोग बचे हैं, या ऐसा कुछ। मेरा मतलब है, आप देख रहे हैं, (आप जानते हैं,) कि पृथ्वी पर इस एक न्याय में करीब डेढ़ अरब लोग मरने वाले हैं। और हम इसकी गंभीरता को देख सकते हैं। और कभी-कभी यह हमारे दिमागों क े लिए मुश्किल हो सकत ा है, क्योंकि आप जानते हैं, हम परमेश्वर को प्रेम का एक परमेश्वर और अनुग्रह और दया के परमेश्वर के रूप में देखते हैं, जो कि वह है। लेकिन परमेश्वर इस धरती पर न्याय ल ाने वाला है, वह ज़रूर न्याय करेगा। और यह कहता है कि, वे विपत्तियों से मारे जाने वाले ह ै ं; यह कहता है कि वे तलवार ो ं से मारे जाने वाले हैं; और यह पृथ्वी के जंगली जानवरों के द्वारा मारे जाने वाले हैं। और कुछ लोग सोचने लगते हैं कि इन "जंगली जानवरों" का क्या मतलब है। लेकिन मुख्य रूप से दूसरी बार यह शब्द "जंगली जानवरों" का इस्तेमाल किया जाता है, इसका अर्थ धरती के शक्तिशाली शासकों का है। तो शायद यह तानाशाहों की कार्रवाई है। और मसीह के विरोधी(Antichrist) को जानवर कहा जाता है। शायद उसके कार्यों से, (आप जानते हैं,) लाखों, अरबों, लोग पृथ्वी पर मर ज ाएँग े ं।

एंकरबर्ग: अब हम इस पांचवें मुहर में आते हैं जो कि शहीदों क ा रोना है, उनके जैसे लोग, जैसा कि आप कहते हैं, शायद वे शासक उनके पीछे पड़े हैं; शायद किसी कारण के लिए, वे कहते हैं कि, पुनरूत्थान और जो वहां हुआ उस कारण यह विनाश हुआ है, यह उनकी गलती थी। और वे उनके पीछे पड़ते हैं, उन्हें मार देते हैं। हम

देखते हैं कि किसी कारण स्वर्ग में, "तो मैं ने वेदी के नीचे उन के प्राणों को देखा, जो परमेश्वर के वचन के कारण, और उस गवाही के कारण जो उन्होंने दी थी, वध किए गए थे।" और वे ढ़ेरों है, ठीक है? और वे कह रहे हैं कि वे बदला चाहते हैं। *रॉन,* यहाँ क्या हो रहा है?

रोड्स: खैर, बड़े पैमाने पर विश्वासी शहीद हो जाएंगे। और ध्यान दें कि वे स्वर्ग में पूरी तरह से सचेत हैं। आप जानते हैं, उनके शरीर अभी भी पृथ्वी पर हैं, लेकिन वे स्वर्ग में परमेश्वर से बात कर रहे हैं। यह मुझे इस तथ्य की याद दिलाती है, *जॉन,* कि बाद में हमें आने वाले उन झूठे धर्मों के बारे में बताया गया है। और यह झूठा धर्म शहीदों के खून के नशे में था। तो यह झूठा धर्म, जो कुछ भी वह है, वह सच्चे विश्वासियों को मौत में डाल देगा। आप देख सकते हैं कि, वे सभी को गले लगाने वाले हैं, और बहुत उदार होने वाले हैं, और सभी से प्रेम करने वाले हैं—सिवाय यीशु मसीह के सच्चे विश्वासियों को छोड़कर..। तो निश्चित रूप से हम जानते हैं कि हम किस बारे में बात कर रहे हैं, अगर हम सोच रहे हैं कि वह कौन है जो कि हत्या कर रहा है।

एंकरबर्ग: यहाँ आप के पास कहने के लिए कुछ शानदार है, और वह यह है कि प्रकाशितवाक्य की पुस्तक ईसाइयों के लिए अच्छी खबर है, और गैर-ईसाईयों के लिए यह बुरी खबर है। क्योंकि आप इस क्लेश के समय में पड़ना नहीं चाहते हैं। फिर से मुझे बताओ क्यों।

हिंडनसन: खैर, क्योंकि सब कुछ गलत हो रहा है। लोग मर रहे हैं; सेनाएं चल रही हैं; दुनिया युद्ध में है; परमेश्वर विश्व पर ब्रह्मांडीय न्याय जारी कर रहे हैं। और यह मानव हृदय की भ्रष्टता है। वह एक मतलबी परमेश्वर नहीं है; परमेश्वर कह रहा है, "मैं दुनिया के संरक्षण से अपना हाथ ले रहा हूं, और मैं मनुष्यों की भ्रष्टता को, स्वयं व्यक्त करने की अनुमति देने वाला हूं।" और हमने अपने ही जीवन काल में उस की एक झलक देखी है। अब, क्लेश के इस समय में, जो कि नियंत्रण से बाहर होगा। अब, हम यह नहीं कह सकते हैं कि, "मैं बस प्रतीक्षा करने वाला हूं और पीछे रह जाऊँगा, और फिर मैं उद्धार पाऊंगा।" यदि आप अभी, सापेक्ष शांति और समृद्धि के समय में मसीह में नहीं आएंगे, तो आप तब उसके पास नहीं आएंगे जबकी आपकी जान जा सकती है। अगर वास्तव में उसके लिए जीना लायक नहीं है, तो उसके लिए मरना लायक नहीं है।

एंकरबर्ग: हाँ। उस समय ईसाइयों के खिलाफ कितने लोग ह ोंगे?

हिंडनस: पूरी दुनिया होगी, ऐसा लगता है, कि जो कोई विश्वास में होता है, वे उसके खिलाफ ह ोते हैं। अब, यह एक सवाल उठाता है कि, जिससे कि हमें अभी निपटना होगा, और वह यह है, "क्या क ोई भी क्लेश अवधि के दौरान उद्धार पाएगा?"

एंकरबर्ग: और हम उस बारे में बात करने वाले हैं। पर छठे मुहर के साथ यहां इसे खत्म करते हैं।

हिचकॉक: हां। छठी मुहर तब होगा जब सचमुच, पृथ्वी पर सब चीजें ढील े पडत ो हैं। एक बड़े पैमाने पर भूकंप होने वाला है, गंभीर लौकिक गड़बड़ी। हर जगह लोग छिपने की कोशिश करने वाले हैं, बाइबल कहत ा है, यह सिंहासन पर जो बैठ ा है, उसके क्रोध, और मेमने का क्रोध है। और तो वास्तव में सब कुछ अनावृत होने वाला है। यहां तक कि, बाइबल कहत ा है, स्वर्ग के तारे पृथ्वी पर गिरने वाले हैं। अब, इसका सचमुच यह अर्थ नहीं है कि बेलेज्यूज जैस े, या यह इनमें से एक के बारे में हैं। बल्कि यह उल्का, या उल्का की बारिश के बारे में बात कर रहा है, ज ो कि पृथ्वी पर आने वाली है। तो सब कुछ जिसे हम आज हमारी दुनिया में देख रहे, वह वास्तव में ढील ा पड़ने वाला है। लोग इस समय के दौरान छिपने क ी कोशिश करेंगे। यह पृथ्वी पर अद्वितीय फैसले का एक समय है।

एंकरबर्ग: ठीक है। और अध्याय 6 का आखिरी वचन कहत ा है, "उन के प्रकोप का भयानक दिन आ पहुंचा है, अब कौन ठहर सकता है?" (वचन. 17) और उस वचन के आधार पर कुछ लोग कहते हैं कि यही वह समय है, उसके बाद क्लेश की शुरुआत है। और पहल ा छः, यहाँ सात मुहर े ं है जो कि शैतान द्वारा हुए थे। ये परमेश्वर से नहीं आये थे। उस बारे में आप क्या कहेंगे?

हिचकॉक: खैर, हाँ, बहुत सारे लोग इसे छटकारे क े पूर्व के क्रोध का दृश्य कहते हैं। वे कहते हैं कि छठे मुहर में ही छटकारा होने वासा है, क्योंकि तब ही परमेश्वर का क्रोध शुरू होता है। और विश्वासियों क ो इसी से बचाने का वादा दिया गया। मेरे परिप्रेक्ष्य से, उस दृश्य में कठिनाई यह है कि यीशु, हालांकि, वह मेम्ना है, जो कि उन

सभी मुहरों को खोल रहा है। तो निश्चित रूप से क्लेश में न्याय एक साथ मिल जाते हैं, और वे क्लेश के दौरान अपनी तीव्रता बढ़ाते रहते हैं। हम सभी इस बात से सहमत हैं। लेकिन यीशु ही है जो इन मुहरों को खोल रहा है। और तो ये पहले के चार मुहर, पांचवां मुहर, ये सभी परमेश्वर का ही क्रोध है, क्योंकि वही इसे खोल रहा है। और यद्यपि वे सीधे आगे जाकर परमेश्वर के क्रोध के रूप में बन जाते हैं, वस्तुतः ये ईश्वर का क्रोध है, जो कि फैला हुआ है। और यदि हमें इस क्रोध से, इस पूरे धरती पर आने वाले परीक्षण के इस समय से, छूट दी गई है, तो इसका मतलब है कि हमें सात-वर्ष की अवधि के शुरू होने से पहले ही, या क्लेश अवधि से पहले ही छुटकारा(पुनर्रूत्थान) पाना होगा।

एंकरबर्ग: हाँ। सही है। अगले हफ्ते, हमारे साथ बने रहें। हम इस बात के बारे में बात करने वाले हैं कि, इस अशांति के बीच में, पृथ्वी पर परमेश्वर द्वारा लाए गए न्याय के बारे में परमेश्वर क्या करने वाला है। परमेश्वर अभी भी दयालु है और वह 1,44,000 गवाहों, विशेष लोगों को लाता है जिसे कि वह सुसमाचार का प्रचार करने के लिए उठा लाता है। हम उन लोगों के बारे में बात करने वाले हैं, ये लोग कौन हैं, वे क्या करते हैं, परमेश्वर उन्हें क्या शक्ति देता है, और क्या होता है, ठीक है? हम अगले सप्ताह इससे शुरू करेंगे। मुझे आशा है कि आप हमारे साथ जुड़ेंगे।

****

हमारे टीवी प्रोग्राम देखने के लिए मुफ्त में डाऊनलोड कीजिए जॉन एन्करबर्ग ाो एप

"घ्द्धठ्ठन्र् द्यदृ ठ्ठड़ड़ड्ढद्रद्य ख्ड्ढद्मद्वद्म क्ण्द्धत्द्मद्य" ऋ ख्ऋद्मण्दृध्र्.दृद्धढ़

@JAshow.org

क्दृद्रन्द्धत्ढण्द्य 2016 ऋच्ड्क्ष्